# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**क्रमांक–भंडार /18/249** **दिनांकः 12.07.2018**

## द्वितीय ई–निविदा–सूचना
## लाईट एवं डेकोरेशन कार्य हेतु

जीवाजी विश्वविद्यालय में वर्ष भर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों यथा दीक्षांत समारोह, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, युवा उत्सव, खेल प्रतियोगिताओं आदि में लाईट एवं डेकोरेशन कार्य के लिये वार्षिक रेट कॉन्ट्रेक्ट हेतु अनुभवी फर्मों से **http.mpeproc.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है –

| **क.** | **टेण्डर आई.डी क्रमांक MP/JUG/Tender No.** | **कार्य का विवरण** | **धरोहर राशि रू.** | **निविदा प्रपत्र की कीमत रू.** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 68 | लाईट कार्य (द्वितीय निविदा) | 25,000/– | 2000/– (वापसी योग्य नहीं) |

निविदा प्रपत्र एवं निविदा की समस्त शर्तों का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर भी किया जा सकता है।

1. ऑनलाईन टेन्डर परचेज करने की अंतिम दिनांक 10.08.2018 तक 5:00 PM
2. ऑनलाईन टेन्डर (प्राइज बिड) जमा करने की अंतिम दिनांक 13.08.2018 तक 5:00 PM
3. ई.एम.डी. शपथ पत्र, तथा आवश्यक दस्तावेज स्पीड पोस्ट/पंजीयन डाक से जमा करने की अंतिम दिनांक 16.08.2018 तक 5:00 PM
4. टेक्नीकल बिड खोलने का समय एवं दिनांक 21.08.2018 को 03:00 बजे
5. निविदा की शेष तिथियॉ सम्पूर्ण जानकारी, शर्ते एवं समस्त संशोधन केवल उपरोक्त दर्शाई गई वेबसाइड पर देखी जा सकती है इस हेतु अलग से कोई विज्ञापन/समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा।
6. किसी भी कार्य की निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत/निरस्तीकरण या संशोधन के अधिकार कुलसचिव को है।

**कुलसचिव**

# //AFFIDAVIT//

## (To be Contained in Envelope I)

(On Non Judicial Stamp of Rs. 100)

I/we ………………………………………………………………………….. who is/ are ……………………………………. (status in the firm/company) and competent for submission of the affidavit on behalf of M/s ………………………………….. (Contractor) do solemnly affirm an oath and state that:

I/we am/are fully satisfied for the correctness of the certificates/records submitted in support of the following information in bid documents which are being submitted in response to notice inviting e-tender No. ………………..… for ……………………………..… (name of work) dated ……….. issued by the …………………… (name of the department).

I/we am/are fully responsible for the correctness of following self-certified information/document and certificates:

1. That the self-certified information given in the bid document is fully true and authentic.
2. That:
    a. Demand draft deposited as earnest money, demand draft for cost of bid document and other relevant document provided by the bank are authentic.
    b. information regarding financial qualification and annual turnover is correct.
    c. information regarding various technical qualifications is correct.
3. No close relative of the undersigned and our firm /company is working in the department.

**OR**

Following close relative are working in the department:

Name ………………….... Post ………….………. Present posting …….………

**Signature with seal of the deponent (bidder)**

I/We, ……………………….…. above deponent do hereby certify that the facts mentioned in above paras 1 to 4 are correct to the best of my knowledge and belief.
Verified today ………………. (dated) at …………… (place.)

**Signature with seal of the deponent (bidder)**

Note: affidavit dully notarized in original shall reach at leach at least one calendar day before opening of the bid.

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वलियर

## लाईट कार्य हेतु निविदा (Tender ID No-66)

## निविदा की सामान्य शर्तें

### (लिफाफा–2 टेक्नीकल बिड में रखा जाएगा)

यह निविदा जीवाजी विश्वविद्यालय में वर्ष भर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों यथा दीक्षांत समारोह, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप, युवा उत्सव, खेल प्रतियोगिताओं आदि के अवसरों पर लाईट के कार्य के लिये वार्षिक रेट कॉन्ट्रेक्ट करने हेतु इच्छुक फर्मों से आमंत्रित की गई है।

1. निविदा कर्ता फर्म द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में लाईट के कार्य हेतु मुख्य आयोजन स्थलों का निरीक्षण करके कार्य की प्रकृति एवं स्वरूप को समझा जा सकता है। इस हेतु फर्म द्वारा विश्वविद्यालय की भंडार शाखा से कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।
2. निविदाकर्ता फर्म को विभिन्न शासकीय/अर्धशासकीय निकायों/निगम/मंडल के आयोजनों में लाईट कार्य का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। (**टेक्नीकल बिड के साथ विगत 03 वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 में शासकीय/अर्धशासकीय निकायों/निगम/मंडल के लाईट कार्य हेतु प्रदान किये गये कार्य आदेश की प्रतियाँ अनिवार्यतः संलग्न करें**)
3. निविदाकर्ता फर्म का का विगत तीन वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 में से किसी एक वर्ष में वार्षिक टर्नओवर कम से कम रू. 7.50 लाख होना अनिवार्य है। **टेक्नीकल बिड के साथ चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा जारी उक्त तीन वित्तीय वर्षों में से किसी एक वर्ष का वार्षिक टर्नओवर कम से कम 7.50 लाख होने का प्रमाणपत्र अनिवार्यतः संलग्न किया जाए।**
4. निविदाकर्ता फर्म को आयकर विभाग द्वारा जारी **PAN No.** की प्रति एवं एसेसमेंट वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 में इनकम टैक्स रिटर्न की प्रति टेक्नीकल बिड के साथ अनिवार्यतः संलग्न की जाए।
5. निविदाकर्ता फर्म को शॉप एस्टेबिलिशमेंट एक्ट अथवा अन्य लागू अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी से पंजीकृत होना चाहिए। टेक्नीकल बिड के साथ पंजीकरण की प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।
6. ई.एम.डी., शपथ पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम से सीलबन्द लिफाफे में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से अंतिम तिथि दिनांक 16.08.2018 तक प्राप्त हो जाना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त दस्तावेजो पर विचार नही किया जायगा।
7. प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर राशि हेतु कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम पर देय रू. 25,000/– का बैंक ड्राफ्ट अनिवार्यतः संलग्न किया जायेगा। यदि निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउन लोड किया गया है तो निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 2,000/– का अतिरिक्त बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम देय हो, संलग्न करना आवश्यक है।
8. निविदाएँ ऑनलाईन पद्धति के अनुसार प्राप्त की जाएगी।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील**

**सील्ड लिफाफा :–1** इसमें धरोहर राशि रू. **25,000/–** एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 2000 का बैंक ड्राफ्ट रहेगा। इसके ऊपर **लिफाफा–1 (धरोहर राशि)** अंकित किया जाए एवं साथ में शपथ पत्र, ई–निविदा संबंधी दस्तावेज एवं ई–निविदा रसीद संलग्न की जावें।

**सील्ड लिफाफा :–2** इसमें निविदा प्रपत्र का टेक्नीकल बिड फार्म एवं निविदा की हस्ताक्षरित सामान्य शर्ते रहेगीं । इसके **ऊपर लिफाफा–2 (टेक्नीकल बिड)** अंकित किया जाए।

**लिफाफा –2 (टेक्नीकल बिड) में निम्नांकित क्रम में प्रपत्र रखे जायेंगे–**

क्रमांक –1 निविदा की सामान्य शर्तें पृष्ठ 2 से 6 तक प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील सहित।

क्रमांक –2 टेक्नीकल बिड फार्म समस्त प्रविष्टियों तथा निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील सहित।

क्रमांक –3 फर्म का शॉप एस्टेबिलिशमेंट एक्ट अथवा अन्य लागू अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी से पंजीयन का प्रमाण–पत्र।

क्रमांक –4 फर्म का आयकर विभाग द्वारा जारी **PAN** नम्बर का प्रमाण पत्र।

क्रमांक –5 इनकम टैक्स रिटर्न की प्रति एसेसमेंट वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 हेतु।

क्रमांक –6 वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 में से किसी एक वर्ष में वार्षिक टर्नओवर कम से कम रू. 7.50 लाख होने के प्रमाण स्वरूप चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।

क्रमांक –7 शासकीय/अर्धशासकीय निकायों/निगम/मंडल में वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 में लाईट कार्य हेतु प्रदान किये गये कार्य आदेश की प्रतियाँ।

ऑनलाईन निविदायें उन्ही फर्मो की खोली जायेगी जो तकनीकी रूप से योग्य पाई जायेगी।

9. निर्धारित समय सीमा में प्राप्त निविदाएँ दिनांक 21.08.2018 को 3:00 बजे फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
10. फर्म द्वारा लाईट सामग्री स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग तक पहुँचाने की व्यवस्था की जायेगी एवं इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा परिवहन व्यय का भुगतान नहीं किया जायेगा। अतः परिवहन व्यय को जोड़कर कॉमर्शियल बिड में किराये की प्रतिदिन दर अंकित की जाये।
11. लाईट सामग्री की लोडिंग, अनलोडिंग तथा फिटिंग कार्य हेतु श्रमिकों की व्यवस्था फर्म द्वारा की जाएगी। अतः लोडिंग चार्ज, अनलोडिंग चार्ज एवं फिटिंग चार्ज जोड़कर कॉमर्शियल बिड में सामग्री के किराये की प्रतिदिन दर अंकित की जाए।
12. लाईट कार्य में नियोजित कर्मचारियों एवं श्रमिकों को श्रम नियम के अन्तर्गत न्यूनतम वेतन अधिनियम के अधीन वेतन देने तथा ई.पी.एफ. एक्ट, ई.एस.आई.सी. एक्ट एवं कॉन्ट्रेक्ट लेबर एक्ट के प्रावधानों (इनमें से जो भी लागू हो) के अनुपालन का संपूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा। फर्म द्वारा बाल श्रमिकों से कार्य नहीं कराया जाएगा।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील**

13. निविदाकर्ता द्वारा कॉमर्शियल बिड को भरने से पूर्व लाईट कार्य हेतु सामग्री की सूची एवं निविदा की सामान्य शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ा जाए। कॉमर्शियल बिड में अंकित दरों में किसी तरह की कॉंट–छॉंट नहीं की जाए।
14. आयोजन स्थल पर लाईट कार्य के लिए विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी। कार्य के लिए आवश्यक विद्युत उपकरण एवं सीढ़ी आदि की व्यवस्था फर्म द्वारा की जाएगी।
15. फर्म द्वारा प्रदाय की जाने वाली लाईट सामग्री अच्छी एवं चालू स्थिति में तथा उच्च गुणवत्ता की होना चाहिए। खराब एवं निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग विश्वविद्यालय के कार्य हेतु किये जाने पर धरोहर राशि जब्त करके भुगतान देयक में से यथोचित कटौती विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।

16. **लाईट सामग्री का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है –**

| क्र. | लाईट सामग्री का विवरण |
|---|---|
| 1. | कूलर डेजर्ट (टेन्ट) |
| 2 | डक्ट कूलर |
| 3 | पेडस्टल फेन |
| 4 | जेनरेटर सेट 62 के.व्ही.ए. (विदाउट डीजल) |
| 5 | जेनरेटर सेट 25 के.व्ही.ए. (विदाउट डीजल) |
| 6 | जेनरेटर सेट 5 के.व्ही.ए. (विदाउट डीजल) |
| 7 | वर्टिकल/स्पिलिट ए.सी. 1.5 टन |
| 8 | वर्टिकल/स्पिलिट ए.सी. 2.0 टन |
| 9 | हैलोजन लैम्प 500 वॉट |
| 10 | हैलोजन लैम्प 1000 वॉट |
| 11 | मेटल हैलाइड लाईट 400 वॉट |
| 12 | मेटल हैलाइड लाईट 250 वॉट |
| 13 | मेटल हैलाइड लाईट 150 वॉट |
| 14 | कलर्ड फोकस 200 वॉट |
| 15 | ट्यूब लाईट कलर्ड 40 वॉट |
| 16 | ट्यूब लाईट व्हाईट 40 वॉट |
| 17 | पार लाईट बीम 1200 वॉट LED |

| | |
|---|---|
| 18 | निवाड़ बोर्डर 200 बल्ब |
| 19 | कैपिंग झालर 50 बल्ब कलर्ड |
| 20 | राइस चाइना झालर |
| 21 | ब्राकेट हण्डी |
| 22 | पेड़ों पर बल्ब 40 वॉट |
| 23 | सीरिज बल्ब (बन्टेन) पट्टी 3 बल्व 200 वॉट |
| 24 | चाइना रोप लाईट |
| 25 | मेटल लाइट कलर्ड |

18. लाईट कार्य के लिये केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय–समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय पर अनिवार्य रूप से करने का उत्तरदायित्व फर्म का होगा। कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा फर्म के देयक में से स्त्रोत पर कर (TDS) नियमानुसार काटा जायेगा।
19. यदि फर्म द्वारा की गई लाईट व्यवस्था गुणवत्ता में ठीक नहीं पायी जाती है एवं फर्म द्वारा निविदा की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा सुरक्षा निधि को जब्त करके भुगतान की जाने वाली राशि में से यथोचित कटौती की जा सकेगी एवं फर्म का अनुबंध भी निरस्त किया जा सकेगा।
20. फर्म द्वारा विद्युत तारों की लूज फिटिंग नहीं की जायेगी। तार के पॉइन्ट को इन्सूलेटेड टेप से कवर किया जाएगा। कार्य में उपयोग किया गया तार बीच में से कहीं पर भी कटा–फटा नहीं होना चाहिए।
21. यदि कार्यक्रम अवधि में कोई लाईट सामग्री फ्यूज अथवा खराब हो जाती है तो उसे तत्काल बदलकर चालू करने का उत्तरदायित्व फर्म का होगा।
22. लाईट सामग्री में किसी भी कारणवश हुए टूट–फूट एवं शॉर्ट–सर्किट अथवा वोल्टेज में उतार–चढ़ाव के कारण विद्युत सामग्री खराब हो जाने की स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा एवं इस संबंध में फर्म का कोई भी दावा विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किया जाएगा।
23. फर्म का कम से कम एक कुशल इलैक्ट्रीशियन कार्यक्रम अवधि में विश्वविद्यालय में उपस्थित रहेगा ताकि लाईट व्यवस्था में कोई खराबी आने पर उसे तत्काल ठीक किया जा सकेगा।
24. यदि विद्युत सामग्री के लोडिंग, अनलोडिंग, सामग्री फिटिंग के समय, सामग्री के त्रुटिपूर्ण कनेक्शन एवं शॉर्ट–सर्किट आदि के कारण कोई दुर्घटना घटित होती है तो इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा।
25. फर्म द्वारा इलेक्ट्रिक सेफ्टी नॉर्म्स का पूर्णतः पालन किया जाएगा तथा फर्म के इलेक्ट्रीशियन द्वारा रबर के दस्ताने तथा रबर के जूते/चप्पल पहनकर एवं लकड़ी के स्टूल पर चढ़कर समस्त विद्युत कार्य किया जाएगा।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील**

26. अनुबंधित फर्म को वि.वि. द्वारा कम से कम तीन दिवस पूर्व स्थान, तिथि, समय एवं सामग्री का उल्लेख कर लाईट व्यवस्था हेतु कार्य आदेश प्रदान किया जाएगा। यदि फर्म विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये आदेशानुसार तिथि एवं समय पर लाईट कार्य करने में किसी भी कारणवश असमर्थ रहती है तो सुरक्षा निधि को जब्त करके अन्य फर्म से लाईट कार्य कराने का अधिकार कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय को होगा एवं ऐसी स्थिति में अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली निविदाकर्ता फर्म से की जाएगी।
27. सफल निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के साथ आगामी एक वर्ष के लिए स्वीकृत दरों पर लाईट कार्य करने हेतु अनुबंध करना होगा। सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि सुरक्षा निधि में परिवर्तित होकर वि.वि. के पास जमा रहेगी जो कि अनुबंध समाप्ति के पश्चात निविदाकर्ता को वापिस की जायेगी।
28. सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा पत्र भेजकर एक सप्ताह की अवधि में अनुबंध निष्पादित करने के लिए सूचित किया जाएगा। यदि सफल निविदाकर्ता विश्वविद्यालय. द्वारा निर्धारित समयावधि में अनुबंध नहीं करता है तो ऐसी स्थिति में धरोहर राशि जब्त करके निविदा में द्वितीय न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म से विश्वविद्यालय द्वारा अनुबंध किया जायेगा।
29. सफल निविदाकर्ता फर्म द्वारा कार्य आदेशानुसार समस्त कार्य स्वयं किया जाएगा। कार्य की सब्लेटिंग अथवा अन्य फर्म से कार्य कराया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि निविदाकर्ता द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता है तो फर्म का अनुबंध निरस्त करके सुरक्षा निधि जब्त की जा सकेगी एवं ऐसी स्थिति में अन्य फर्म से कार्य कराने पर अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली निविदाकर्ता फर्म से की जाएगी।
30. कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को प्राप्त हुई किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताए हुए स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।
31. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर का होगा।
32. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण ग्वालियर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में रहेगा।

**कुलसचिव**
**जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर**

मेरे द्वारा उपरोक्त समस्त शर्तो को पढ़ लिया गया है एवं मैं उक्त शर्तो के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील**

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## लाईट कार्य हेतु टेक्निकल बिड
## (लिफाफा –2 टेक्नीकल बिड में रखा जाएगा)

| | |
|---|---|
| 1. फर्म का नाम | : ................................................................................................ |
| 2. प्रोपराइटर का नाम | : ................................................................................................ |
| 3. फर्म का पता | : ................................................................................................ |
| 4. दूरभाष क्रमांक | : ................................................................................................ |
| 5. धरोहर राशि (**EMD**) का विवरण | : राशि रू.......................ड्राफ्ट क्रं. .......................दिनांक................ |
| | बैंक का नाम......................................................................................... |
| 6. फर्म का शॉप एस्टेबिलिशमेंट एक्ट अथवा अन्य लागू अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी से पंजीकरण क्रमांक अंकित करें। (कृपया प्रमाण पत्र संलग्न करें) | : ................................................................................................ |
| 7. फर्म का आयकर विभाग द्वारा जारी **PAN** नम्बर अंकित करें। (कृपया प्रमाण पत्र संलग्न करें) | : ................................................................................................ |
| 8. क्या एसेसमेंट वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 के इन्कमटैक्स रिटर्न की प्रति संलग्न की जा रही है | : ..................................................................................(हाँ / नहीं) |
| 9. विगत तीन वित्तीय वर्ष 2014–15, 2015–16, 2016–17 में से किसी एक वर्ष में वार्षिक टर्नओवर कम से कम रू. 7.50 लाख : टर्न ओवर होने के प्रमाण स्वरूप चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा जारी टर्न ओवर प्रमाण–पत्र का विवरण (कृपया प्रमाण–पत्र संलग्न करें ) | : वित्तीय वर्ष.........................................................................................<br>: ................................................................................................ |
| 10. क्या फर्म निविदा की शर्तो के अनुसार कार्य करने हेतु सहमत है \ | : ..................................................................................(हॉ / नहीं) |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

11. शासकीय/अर्धशासकीय निकायों/निगम/मंडल के आयोजनों में लाईट कार्य के अनुभव का विवरण

| वर्ष | कार्य आदेश प्रदानकर्ता कार्यालय का नाम | कार्य आदेश की प्रति संलग्न है |
|---|---|---|
| 2013 | 1 | हाँ/नहीं |
| | 2 | हाँ/नहीं |
| | 3 | हाँ/नहीं |
| | 4 | हाँ/नहीं |
| | 5 | हाँ/नहीं |
| 2014 | 1 | हाँ/नहीं |
| | 2 | हाँ/नहीं |
| | 3 | हाँ/नहीं |
| | 4 | हाँ/नहीं |
| | 5 | हाँ/नहीं |
| 2015 | 1 | हाँ/नहीं |
| | 2 | हाँ/नहीं |
| | 3 | हाँ/नहीं |
| | 4 | हाँ/नहीं |
| | 5 | हाँ/नहीं |

**12. फर्म के प्रतिनिधि का नाम एवं टेलीफोन : ..........................................................................................**
**नम्बर जिनसे कार्य के संबंध में सम्पर्क : ..........................................................................................**
**किया जा सकता है।**
**13. फर्म के कार्यालय का फोन नम्बर : ..........................................................................................**
**14. फर्म के कार्यालय का फैक्स नम्बर : ..........................................................................................**
**15. फर्म से सम्पर्क हेतु E-mail ID : ..........................................................................................**

मैं विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों हेतु **लाईट के कार्य** के लिये निविदा की शर्तों के अनुसार कार्य करने हेतु सहमति देता हूँ।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**
**नाम ..................................................**
**सील .................................................**

**नोटः–** संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों पर सत्यापन स्वरूप निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील अनिवार्यतः अंकित किया जाए।

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

## लाईट कार्य हेतु कॉमर्शियल बिड (ऑनलाईन) (Tender ID No-66)

1. फर्म का नाम :— ..........................................................................................................
2. फर्म का पता :— ..........................................................................................................
   ..........................................................................................................
3. फर्म के प्रोपराइटर का नाम :—..........................................................................................
4. दूरभाष कमांक :— ..........................................................................................

कृपया कॉमर्शियल बिड को भरने के पूर्व निविदा प्रपत्र में अंकित समस्त शर्तों को अनिवार्य रूप से पढ़ें। निविदाकर्ता द्वारा परिवहन व्यय, ट्रांजिट चार्ज, ट्रांजिट इन्श्योरेन्स, लोडिंग चार्ज, अनलोडिंग चार्ज, फिटिंग चार्ज, लेबर चार्ज को जोड़कर प्रत्येक सामग्री हेतु दर अंकित की जाएंगी परन्तु सर्विस टैक्स सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

| क. | लाईट सामग्री का विवरण | किराये की प्रतिदिन दर रूपये (सर्विस टैक्स छोड़कर) | |
|---|---|---|---|
| | | अंकों में | शब्दों में |
| 1 | कूलर डेजर्ट (प्रति नग) | | |
| 2 | डक्ट कूलर (प्रति नग) | | |
| 3 | पेडस्टल फेन (प्रति नग) | | |
| 4 | जेनरेटर सेट 62 के.व्ही.ए.(विदाउट डीजल) (प्रति नग) | | |
| 5 | जेनरेटर सेट 25 के.व्ही.ए.(विदाउट डीजल) (प्रति नग) | | |
| 6 | जेनरेटर सेट 5 के.व्ही.ए. (विदाउट डीजल) (प्रति नग) | | |
| 7 | वर्टिकल / स्पिलिट ए.सी 1.5 टन. (प्रति नग) | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 8 | वर्टिकल / स्पिलिट ए.सी. 2.0 टन (प्रति नग) | | |
| 9 | हैलोजन लैम्प 500 वॉट (प्रति नग) | | |
| 10 | हैलोजन लैम्प 1000 वॉट (प्रति नग) | | |
| 11 | मेटल हैलाइड लाईट 400 वॉट (प्रति नग) | | |
| 12 | मेटल हैलाइड लाईट 250 वॉट (प्रति नग) | | |
| 13 | मेटल हैलाइड लाईट 150 वॉट (प्रति नग) | | |
| 14 | कलर्ड फोकस 200 वॉट (प्रति नग) | | |
| 15 | ट्यूब लाईट कलर्ड 40 वॉट (प्रति नग) | | |
| 16 | ट्यूब लाईट व्हाईट 40 वॉट (प्रति नग) | | |
| 17 | पार लाईट बीम 1200 वॉट LED (प्रति नग) | | |
| 18 | निवाड़ बोर्डर 200 बल्ब (प्रति नग) | | |
| 19 | कैपिंग झालर 50 बल्ब कलर्ड (प्रति नग) | | |
| 20 | राइस चाइना झालर (प्रति नग) | | |
| 21 | ब्राकेट हण्डी (प्रति नग) | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | पेड़ों पर बल्ब 40 वॉट (प्रति नग) | | |
| 23 | सीरिज बल्ब (बन्टेन) पट्टी 3 बल्ब 200 वॉट (प्रति नग) | | |
| 24 | चाइना रोप लाईट (प्रति नग) | | |
| 25 | मेटल लाइट कलर्ड (प्रति नग) | | |

मैंने निविदा की शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ लिया है एवं मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार अंकित दरो पर विश्वविद्यालय द्वारा दिये गए कार्य आदेशानुसार तिथि व समय पर अच्छी स्थिति में एवं उत्तम क्वालिटी की लाईट सामग्री उपयोग करते हुए कार्य संपन्न किया जाएगा। अन्यथा स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा निविदा की शर्त के अनुरूप मेरी सुरक्षानिधि जब्त करने तथा भुगतान में से दण्ड स्वरूप निर्धारित राशि का कटौत्रा करने हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**
**नाम ................................................**
**सील ................................................**